वित्तीय वर्ष 2025–26 की ए0आई0पी0 अन्तर्गत तरल अपशिष्ट प्रबन्धन/चेलेंज का संक्षिप्त विवरण

वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में जनपद की समस्त 574 ग्राम पंचायतों के 919 राजस्व ग्रामों को ओ0डी0एफ0 प्लस मॉडल ग्राम विकसित किये जाने हेतु चयनित किया गया है। उक्त चयनित ग्रामों में 5000 से अधिक एवं 5000 से कम जनसंख्या के आधार पर अनुमन्य धनराशि के अनुसार ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना तैयार की गयी। कार्ययोजना के सापेक्ष डब्ल्यू0एस0पी0, सामुदायिक सोख्ता गड्ढे, सामुदायिक सिल्ट कैचर, नालियों के अन्तिम सिरे पर फिल्टर चैम्बर, नालियों की मरम्मत इत्यादि इकाईयों का निर्माण कार्य कराया गया है। निर्मित तरल अपशिष्ट इकाईयों के प्रबन्धन से ग्रामीण अंचल में घरों से निकलने वाले ग्रे–वाटर के शुद्धीकरण के साथ–साथ भूमि के जल स्तर को बढ़ाये जाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

ऐसी ग्राम पंचायतें जिनमें कार्ययोजना के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत अनुमन्य धनराशि के साथ–साथ राज्य वित आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग में धनराशि की उपलब्धता के अनुरूप कार्यों को कराया गया है, किन्तु ग्राम पंचायतों में समुदायों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इकाईयों की संख्या में वृद्धि किया जा सकता है, जिस हेतु पृथक से धनराशि की आवश्यकता होगी।